**साहित्य अकादेमी**
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार का स्वायत्त संस्थान
रवींद्र भवन, 35, फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001
दूरभाष : +91-11-23386626-28, फैक्स : +91-11-23382428
ईमेल : secretary@sahitya-akademi.gov.in
वेबसाइट : http://www.sahitya-akademi.gov.in

Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An autonomous organization under Ministry of Culture, Govt. of India
Rabindra Bhavan, 35, Ferozeshah Road, New Delhi-110 001
Phone: +91-11-23386626-28, Fax +91-11-23382428
E-mail: secretary@sahitya-akademi.gov.in
Website: http://www.sahitya-akademi.gov.in

साअ.37 / प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली / काग़ज़ खरीद / 21175 — 09 जनवरी 2024

## साहित्य अकादेमी के प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली के लिए छपाई काग़ज़ की सार्वजनिक खरीद (मेक इन इंडिया को प्राथमिकता) के लिए ई–निविदा सूचना

साहित्य अकादेमी, जो कि संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था है, नई दिल्ली स्थित अपने प्रधान–कार्यालय हेतु सार्वजनिक खरीद के लिए (मेक इन इंडिया को प्राथमिकता के आदेश, 2017) तथा उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (सार्वजनिक खरीद अनुभाग), भारत सरकार के बाद के संशोधन आदेश संख्या पी–45021 / 2 / 2017 – पीपी (बी.ई. – ।।) दिनांक : 16 / 9 / 2020 तथा आदेश संख्या पी–45014 / 33 / 2021–बी. ई. (ई–64737) दिनांक 20 दिसंबर 2022 के अनुसार अपनी पुस्तकों के प्रकाशन हेतु दो बोली प्रणाली व्यवस्था के अनुसार, अनुलग्नक–।। के अनुसार छपाई काग़ज़ (प्रिंटिंग पेपर) की आपूर्ति के लिए ई–निविदा आमंत्रित करती है। काग़ज़ की आपूर्ति के लिए 'तकनीकी बोली' तथा 'वित्तीय बोली' के अलग–अलग लिफ़ाफ़ों को सीलबंद करके एक तीसरे बड़े लिफ़ाफ़े में सीलबंद कर जमा करना होगा। निविदा काग़ज़ात में उल्लेखित विवरण अकादेमी की वेबसाइट www.sahitya-akademi.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। https://eprocure.gov.in पर निविदा के पूरी तरह से अपलोड किए गए दस्तावेज़ों की हार्ड कॉपी सचिव, साहित्य अकादेमी, रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोजशाह मार्ग, नई दिल्ली के पते पर विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 21वें दिन तक पहुँच जानी चाहिए। ख़रीद संबंधी नियम एवं शर्तें इस प्रकार हैं :–

1. निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त नहीं होने वाली निविदाएँ रद्द कर दी जाएँगी।
2. तकनीकी बोली में अनुलग्नक–। के अनुसार सभी दस्तावेज़ी साक्ष्यों की स्व–प्रमाणित प्रतियाँ होनी चाहिए।
3. अनुलग्नक–। एवं ।। के प्रत्येक पृष्ठ पर प्राधिकारी के हस्ताक्षर होने चाहिए और मुहर लगी होनी चाहिए।
4. रु.77,500 / – (सतहत्तर हज़ार पाँच सौ रुपए मात्र) की सुरक्षा राशि सचिव, साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली के पक्ष में देय डिमांड ड्राफ्ट के रूप में होनी चाहिए।
5. बिना सुरक्षा राशि के प्राप्त होने वाली निविदाएँ रद्द कर दी जाएँगी।
6. सुरक्षा राशि से छूट प्राप्त पार्टियों को दस्तावेज़ी / एम.एस.एम.ई प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।
7. सचिव, साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली के पक्ष में रु.5000 / – (पाँच हजार रुपए मात्र) की राशि का निविदा शुल्क देय होगा।
8. मेक इन इंडिया के अंतर्गत अपनी समस्त काग़ज़ की किस्मों के निर्माण के लिए केवल वुड पल्प का उपयोग करने वाली मिलें अथवा ऐसी मिलों के ही डीलर / विक्रेता इस निविदा में प्रतिभागिता करने के पात्र होंगे।
9. मेक इन इंडिया के अंतर्गत बोलीदाता मिल के पास एकीकृत पल्प और काग़ज़ निर्माण सुविधा होनी चाहिए।
10. प्रस्तुत किए जाने वाला काग़ज़ किसी भी प्रकार के डाई / रंग से मुक्त होना चाहिए।
11. क्रमांक 8, 9 और 10 के संदर्भ में मिल के पत्रशीर्ष पर मैपलिथो काग़ज़ का मिल प्रमाणन होना चाहिए तथा उसे निविदा दस्तावेज़ के साथ मूल रूप से जमा किया जाना चाहिए।
12. साहित्य अकादेमी की आवश्यकता के अनुसार बिना कोई कारण बताए किसी भी समय काग़ज़ की मात्रा कम या अधिक की जा सकती है।
13. दर को जीएसटी और कार्टेज सहित प्रति रिम या प्रति शीट आधार पर उद्धृत किया जाना चाहिए। यदि **प्रति रिम अथवा प्रति सीट** को जीएसटी और कार्टेज सहित दोहराया गया अथवा **अन्य प्रारूप में** दर्शाया **गया तो वित्तीय बोली को रद्द किया जा सकता है।**
14. निविदा–प्राप्ति की अंतिम तिथि से 90 दिनों के लिए उद्धृत दरें मान्य होंगी।

पृष्ठ 02 पर जारी...

**साहित्य अकादेमी**
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार का स्वायत्त संस्थान
रवींद्र भवन, 35, फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001
दूरभाष : +91-11-23386626-28, फैक्स : +91-11-23382428
ईमेल : secretary@sahitya-akademi.gov.in
वेबसाइट : http://www.sahitya-akademi.gov.in

Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An autonomous organization under Ministry of Culture, Govt. of India
Rabindra Bhavan, 35, Ferozeshah Road, New Delhi-110 001
Phone: +91-11-23386626-28, Fax +91-11-23382428
E-mail: secretary@sahitya-akademi.gov.in
Website: http://www.sahitya-akademi.gov.in



15. वित्तीय बोली में उल्लेखित विवरण के अनुसार ताजे लॉट से मूल मिल पैकिंग में काग़ज़ की आपूर्ति आदेश की तिथि से 20 दिनों के भीतर निम्न पते अथवा बताए गए स्थान पर करनी होगी :–

| | |
|---|---|
| 1 | उप–सचिव (प्रकाशन),<br>साहित्य अकादेमी<br>स्वाति (बेसमेंट), मंदिर मार्ग (निकट बिरला मंदिर), नई दिल्ली–110001<br>फोन (प्रधान कार्यालय): 011–23386626, 2336627, 23386628<br>ई–मेल : ds.pub1@sahitya-akademi.gov.in |

16. आपूर्ति किए गए काग़ज़ में रिम/शीट/जीएसएम अथवा गुणवत्ता या विशिष्टता में कमी होने की स्थिति में संपूर्ण रिम/लॉट को रद्द कर दिया जाएगा अथवा फर्म/आपूर्तिकर्त्ता को बिल भुगतान से पहले उसे बदलना होगा।
17. निर्धारित समयावधि में आदेशित काग़ज़ की आपूर्ति नहीं किए जाने पर सुरक्षा राशि जब्त कर ली जाएगी। उसके बाद साहित्य अकादेमी बिना किसी सूचना के किसी भी स्रोत से आवश्यक मात्रा/काग़ज़ प्राप्त कर लेगी।
18. प्रत्येक प्रकार के काग़ज़ के आदेश की संपूर्ण आपूर्ति की जीएसएम जाँच फर्म/आपूर्तिकर्ता के प्रतिनिधि की उपस्थिति में की जाएगी।
19. प्रधान–कार्यालय, दिल्ली के संबद्ध कर्मचारी द्वारा आपूर्ति संबंधी पावती के साक्ष्य के साथ ही बिल/इनवाइस स्वीकार किया जाएगा।
20. 'तकनीकी बोली' एवं 'वित्तीय बोली', जो ई–प्रोक्योर पर निर्धारित प्रपत्र में अपलोड की गई है, को सीलबंद लिफ़ाफ़े में सचिव, साहित्य अकादेमी, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली – 110001 के पते पर भेजा जाना चाहिए।
21. 'तकनीकी बोली' **31 जनवरी 2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे** साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली के समिति कक्ष में काग़ज़ खरीद समिति द्वारा खोला जाएगा।
22. 'तकनीकी बोली' में सफल पार्टियों की 'वित्तीय बोलियाँ' **02 फरवरी 2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे** खोली जाएँगी।
23. साहित्य अकादेमी के सचिव को बिना कोई कारण बताए सभी निविदाओं को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार है।
24. कोई भी कानूनी विवाद माननीय उच्च न्यायालय, दिल्ली के अधिकार क्षेत्र में होगा।
25. साहित्य अकादेमी जीएसटी : पंजीकरण संख्या : 07AAETS3607BIZU
26. साहित्य अकादेमी पैन संख्या : AAETS3607B

(कृष्णा रवींद्र किंबहुने)
उप सचिव (प्रशासन) – प्रभारी

*साहित्य अकादेमी की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु*

(कंपनी के पत्रशीर्ष पर)

**अनुलग्नक – I**

सेवा में,

सचिव
साहित्य अकादेमी
नई दिल्ली – 110001

**विषय : तकनीकी बोली**

महोदय,

ई–निविदा की सूचना के जवाब में, मैं/हम कागज़ की आपूर्ति की तकनीकी बोली जमा कर रहे हैं और निम्नलिखित दस्तावेज़ों को विधिवत हस्ताक्षरित और मुहर लगाकर संलग्न कर रहे हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा निर्धारित प्रारूप में जमा की गई है | संलग्न | संलग्न नहीं |
| 2. | पैन की प्रमाणित प्रति | संलग्न | संलग्न नहीं |
| 3. | जीएसटी पंजीकरण की प्रमाणित प्रति | संलग्न | संलग्न नहीं |
| 4. | निविदा लागत मूल्य में छूट का दस्तावेज़ी साक्ष्य/ई.एम.डी. | संलग्न | संलग्न नहीं |
| 5. | डिमांड ड्राफ्ट द्वारा जमा की गई निविदा लागत | संलग्न | संलग्न नहीं |
| 6. | ए4 आकार के कागज़ के प्रत्येक ब्रांड के 2 नमूने, जिन पर विधिवत् रूप से मिल का नाम उल्लेखित हो तथा हस्ताक्षरित अथवा मुहर लगी हो। # | संलग्न | संलग्न नहीं |
| 7. | ई–प्रोक्योर पर अपलोड किए गए दस्तावेजों की प्रति | | |
| 8. | फर्म के ब्लैक लिस्टेड ना होने का प्रमाण–पत्र | संलग्न | संलग्न नहीं |
| 9. | निविदा की मात्रा की आपूर्ति समय–सीमा के भीतर करने का प्रमाण–पत्र | संलग्न | संलग्न नहीं |
| 10. | पेपर मिल के मूल पत्रशीर्ष पर अधिकृत डीलर/ब्रांड का प्रमाण–पत्र | संलग्न | संलग्न नहीं |
| 11. | मिल की ओर से अपने मूल पत्रशीर्ष पर यह प्रमाण–पत्र दिया जाए कि वह 'मेक इन इंडिया को प्राथमिकता' के अंतर्गत मिल द्वारा उनकी समस्त मैपलिथो पेपर किस्मों के निर्माण में केवल वुड पल्प का उपयोग किया जा रहा है। | संलग्न | संलग्न नहीं |
| 12. | मिल की ओर से अपने मूल पत्रशीर्ष पर यह प्रमाण–पत्र दिया जाए कि 'मेक इन इंडिया को प्राथमिकता' के अंतर्गत मिल में एकीकृत पल्प तथा पेपर की निर्माण सुविधा है। | संलग्न | संलग्न नहीं |
| 13. | मिल की ओर से अपने मूल पत्रशीर्ष पर यह प्रमाण–पत्र दिया जाए कि उनके द्वारा उपलबध कराए गए कागज़ किसी भी प्रकार के डाई/रंग का उपयोग नहीं किया गया है। | संलग्न | संलग्न नहीं |
| 14. | दर वैधता अवधि का प्रमाण–पत्र | संलग्न | संलग्न नहीं |
| 15. | नियम एवं शर्तें स्वीकार करने का प्रमाण–पत्र | संलग्न | संलग्न नहीं |
| 16. | अधिकृत व्यक्ति का नाम और ई–मेल/मोबाइल नंबर | संलग्न | संलग्न नहीं |

# यदि ए4 आकार के कागज़ को बिना किसी विनिर्देश/ब्रांड अथवा मिल के नाम के बिना अथवा बिना मोहर लगाये प्रस्तुत किया गया, तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा तथा उसे रद्द कर दिया जाएगा।

तिथि ..........

बोलीकर्त्ता के हस्ताक्षर और मुहर

(कंपनी के पत्रशीर्ष पर)

**अनुलग्नक – I I**

सचिव
साहित्य अकादेमी
नई दिल्ली – 110001

**विषय : वित्तीय बोली**

महोदय,

ई–निविदा की सूचना के जवाब में, मैं/हम कागज़ों की आपूर्ति की वित्तीय बोली निम्न रूप में जमा कर रहे हैं :–

**निम्नलिखित प्रपत्र अनुसार भरें**

| **साहित्य अकादेमी**<br>**स्वति (बेसमेंट), मंदिर मार्ग (निकट बिरला मंदिर)**<br>**नई दिल्ली–110001** अथवा निर्दशानुसार स्थान पर आपूर्ति | | | | प्रति रिम और प्रति पैकेट में कागज़ की शीट की संख्या | दर जी.एस.टी. और कार्टेज सहित, यदि कोई हो तो | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 20”×30”/80 gsm | नैचुरल शेड मैपलिथो पेपर (एस. एस) इंडियन मिल पैक (मेक इन इंडिया को प्राथमिकता) | 104 रिम | | | प्रति रिम |
| 2 | 26”×40”/80 gsm | नैचुरल शेड मैपलिथो पेपर (एस. एस) इंडियन मिल पैक (मेक इन इंडिया को प्राथमिकता) | 200 रिम | | | प्रति रिम |
| 3 | 23”×36”/130 gsm | इडियन आर्ट पेपर (ग्लोस– $C_2S$) इंडियन मिल पैक (मेक इन इंडिया को प्राथमिकता) | 100 रिम | | | प्रति रिम |

*** कृपया प्रत्येक ब्रांड के लिए पृथक शीट/सारणी का प्रयोग करें।**

**** कोई भी कागज़ नमूना वित्तीय बोली के साथ जमा न किया जाए।**

तिथि.....................................

बोलीकर्ता के हस्ताक्षर एवं मुहर